दिनांक–16.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- नागरिकता–संशोधन अधिनियम 2024 की अधिसूचना के बाद 14 आवेदकों को सौंपे गए नागरिकता प्रमाण पत्र।
- प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा में फंसे श्रद्धालुओं के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर, मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता मिलेगी।
- ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक में फेडरेशन कप में फिर जीता स्वर्ण पदक।
- प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज–आंधी तूफान के साथ बारिश तो कुछ इलाकों में लोग भीषण गर्मी से बेहाल।

नागरिकता–संशोधन अधिनियम

नागरिकता–संशोधन अधिनियम 2024 की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है। गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने कल नई दिल्ली में 14 आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। गृह मंत्रालय के अनुसार कई अन्यी आवेदकों को डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र ई–मेल के माध्येम से भेजे जा रहे हैं। ये आवेदन, 31 दिसम्बर 2014 तक भारत में प्रवेश कर चुके पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से प्राप्त हुए थे। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि आज दशकों का इंतजार समाप्त् हुआ।

चुनाव तैयारी समीक्षा

निर्वाचन आयोग ने कल लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ पांचवें चरण के लिए 49 और छठे चरण के लिए 57 निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात किए जा रहे पर्यवेक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की। 20 मई को पांचवें और 25 मई को छठे चरण का मतदान होगा।

चार धाम–हेल्पलाइन

चारधाम यात्रा पर गए प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। ये श्रद्धालु इंदौर, सागर और नीमच के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया है। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने का ऐलान किया है।

मध्य प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा में फंसे श्रद्धालुओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए है। प्रदेश के श्रद्धालु हेल्प लाइन नं. 011–26772005, 0755–2708055 एवं 0755–2708059 पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं।

कृषि समीक्षा–इंदौर

संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने कल इंदौर संभाग के सभी 8 ज़िलों के उपसंचालक कृषि की बैठक में आगामी कृषि सीज़न में फसलों के संबंध में चर्चा की। संभाग आयुक्त ने आगामी खरीफ मौसम में होने वाली बुआई से संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संभाग में खाद, बीज, कीटनाशक दवाईयों सहित अन्य कृषि संसाधनों की उपलब्धता तथा वितरण आदि के संबंध में भी चर्चा की। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि खरीफ की बुआई के पूर्व किसानों को खेती–किसानी की नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाये, जिससे कि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें।

स्वास्थ्य शिविर

भोपाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन 4 हजार 272 श्रमिकों को लाभान्वित किया गया। पहले दिन 1 हजार 518 श्रमिकों को स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं दी गईं थी। मजदूर पीठों पर आयोजित इन शिविरों में 314 आभा आई डी और 302 आयुष्मान कार्ड बनाये गए। 356 लोगों को वयस्क बी सी जी का टीका भी लगाया गया है। शिविर में डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और नेत्र रोगों की जाँच भी की जा रही है। श्रमिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए ये शिविर प्रतिदिन सुबह 7.00 बजे से लगाए जा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना

इंदौर के पास बेटमा में इंदौर–अहमदाबाद फोरलेन पर एक सड़क हादसे में आठ लोगों की मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची। इंदौर के एएसपी रुपेश द्विवेदी ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की मौत की सूचना है, जबकि एक शख्स घायल हुआ है। सभी गुना के रहने वाले हैं। कार जिस वाहन से टकराई हैं, हादसे के बाद उसका चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया।

अल्पकालीन फसल ऋण

राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद सीजन 2023 में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023–24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। कुछ हिस्सों में तेज–आंधी तूफान के साथ बारिश हो रही है तो कुछ इलाकों में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग की मानें तो आज जबलपुर संभाग के जिलों में बौछारें पड़ सकती हैं। शेष क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर कल बारिश दर्ज की गई एवं शेष सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। उधर, प्रदेश में सबसे अधिक 42 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान ग्वालियर में दर्ज किया गया। रात का सबसे अधिक तापमान 28 डिग्री सेल्सियस नौगांव में दर्ज किया गया।

नीरज चोपड़ा – गोल्ड

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक में कल भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीता। 26 वर्षीय चोपड़ा को प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा क्योंकि वह तीन राउंड के बाद दूसरे स्थान पर थे। उन्होंने चौथे राउंड में 82 दशमलव 2–7 मीटर दूर भाला फेंकने के साथ बढ़त बना ली। श्री चोपड़ा ने आखिरी बार 2021 में इसी इवेंट में घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जब उन्होंने 87 दशमलव 8–0 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, पंजाब किंग्स ने कल गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग के 48 रन के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन ही बनाए। राजस्थान रॉयल्स के लिए यह लगातार चौथी हार थी, लेकिन वे 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं, पंजाब किंग्स 9वें स्थान पर पहुंच गया है। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज गुजरात टाइटंस से सनराइजर्स हैदराबाद भिड़ेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में इस शिक्षण सत्र के लिये पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज झारखंड के हजारीबाग और कोडरमा के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करेंगे।
- इंदौर संभाग के सभी 8 जिलों में स्थित शासकीय आयुष अस्पतालों में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्ण प्राशन की व्यवस्था शुरू की जायेगी। यह व्यवस्था रेडक्रास और जनभागीदारी से शुरू होगी।
- माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रपति एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल में प्रतिभा 2024 एवं प्रतिभा प्लस पुरस्कार वितरण एवं "एमसीयू माध्यम बैंड" के शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ के.जी. सुरेश ने की।
- डिंडोरी में कलेक्टर ने आईटीआई के आगामी सत्र के संबंध में प्राचार्यों की बैठक का आयोजन किया। उन्होंने वर्तमान सत्र में चल रहे नामांकन की स्थिति का जायजा लिया।
- बैतूल में प्रशासन ने खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 करोड़ रूपए की रेत, 31 डम्पर और 8 पोकलेण्ड मशीन जप्त की गई।
- पन्ना जिले में आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के जरिए लोगों को डेंगू बीमारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम कनेक्ट विथ कम्यूनिटी, कन्ट्रोल डेंगू है।
- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित पीताम्बरा पीठ में माँ बगलामुखी का प्रकटोत्सव इस वर्ष भी धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कल धूमधाम से मनाया गया।
- रायसेन में सीएम राइस स्कूल रायसेन तथा सीएम राइस स्कूल सांची में 1 मई से 15 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया गया।
- सिंगरौली में प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर एवं विभिन्न खेल मैदानों पर कल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है।
- श्योपुर जिले में ढोढर थाना क्षेत्र में कल दोपहर बच्चे का मुंडन कराने के लिए माता मंदिर पर जा रहे परिवार की ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सूखी नहर में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

———————————